**EDITORIAL**

# Gross Negligence of Workers in BSNL

It has been accepted by all governments at the international and national level that happy workers can produce desired output with excellent productivity. This recognition was a priority for the Department of Telecommunications until it was converted into a corporation. After becoming Bharat Sanchar Nigam, this recognition gradually weakened, and in the current situation, this recognition has been completely ignored. As a result, the non-executive employees working in BSNL are facing a dilemma. All welfare schemes related to workers were abolished about twelve years ago. The Circle heads and their teams at the higher level, as well as the board of directors and all the senior officials at the corporate board level, have kept themselves quite distant from the plight of the workers on the ground the situation has gone from bad to worse. On one hand, about 70% of the non-executive employees have been deprived of annual salary increases for the last ten-twelve years, and on the other hand, basic facilities at the workplace have been eliminated. There is neither provision for pure drinking water nor proper toilets.

On January 31, 2020, a large number of employees were forced to take VRS (Voluntary Retirement Scheme), and after that, posts were drastically reduced in the name of cadre restructuring. As a result, all the lower-level employees are burdened with work. It is noteworthy that the salary revision of these employees has been pending since January 1, 2017. While the employees have been continuously drawing the attention of the government and BSNL management to this. The aggrieved employees have been deprived of proper upbringing of their families, proper education for their children, and social concerns. The surprising situation is that the salary increase of the daily wage and temporary status workers approved by the management is also pending since 01.10.2010. When the employee unions raise their voice for these crying labourers and request the management to at least pay attention to the plight of these low-wage labourers and revise their wages based on the recommendations of the 7th Pay Commission of the Central Government and increase their daily wages, the management adopts a non-responsive attitude on this issue as well.

The employee unions, which are registered by the government and authorized to take initiative to solve the problems of the employees after the membership verification, their rights are also being weakened and their voice is being suppressed. Even in the case of a simple demonstration or sit-in, threats of strict action are given. Employees are having to take refuge in the court for their rights. On a national scale, the BSNL management is not giving the legitimate rights to certain employees and is fighting lawsuits in court with thousands of employees. In lawsuits, the management often loses and fulfills their dues. But it has forgotten the tradition of resolving the legitimate rights of the employees by negotiating with the unions.

The employees had become very happy after hearing the news of a net profit of ₹262 crore in the third quarter of the last financial year, and they started seeing a ray of hope. Now, at the end of the financial year, in almost all the circles, happiness is being celebrated by cutting cakes on the occasion of achieving the revenue target and earning even more. The workers and employees working on the ground are kept very far away from that atmosphere of happiness. These employees get the news of these celebrations only through WhatsApp groups. Employees are discussing that when the company has started making profits, then why is no initiative being taken on our wage revision issue, which has been pending for the last seven years.

BSNL employees are being forced to work on the pay scale determined on January 1, 2007. The BSNL management, in order to keep the labourers in delusion, formed the Pay Revision Committee in 2019, but even after six years, no consensus has been reached in that committee. Continuously changing the chairman of the committee and delaying the pay revision meetings in the name of non-availability of management side members is happening. In this context, "what else can one do" situation is arising in front of the employees. The government and the management should take this issue seriously, and further delay in giving the legitimate rights to the employees cannot be in the interest of the company. It is well known that the employees, while enduring suffering, have led the company towards profit, and further neglect of them may force the employees to take to the streets. The matter is not limited to salary revision only, there is darkness in front of the employees of BSNL in the matter of promotion as well. Due to the massive elimination of posts, BSNL is not conducting examinations for any cadre in more than half of the circles. Anyone who has knowledge of society and labour issues can understand the situation of workers in BSNL. After the existence of BSNL, to provide services in line with the changing technological environment, BSNL made a plan to recruit highly technically educated youth, under which thousands of meritorious young candidates passed the competitive examination and got jobs under BSNL.

Those young employees whose other colleagues, who got jobs in other departments, have reached much higher in terms of position and pay scale than their counterparts working in BSNL, but the young employees working in BSNL, who were recruited after doing engineering, are working in a state of misery. They were appointed to the post of Junior Engineer and are still in the same position even after serving for ten-twelve years. While their colleagues working in other departments of the country have got two promotions, and those who have not been promoted, their pay scale is much higher than the Junior Engineer post holders working in BSNL. Such young and meritorious employees of BSNL are being forced to leave BSNL, and many such people have already left BSNL. History is witness to the fact that on a global scale, labourers have shaped their future by organizing themselves.

In our country also, since before independence, labourers have changed their direction and condition through strong organizations, and have also played an important role in the independence movement. India is progressing from a developing country to a developed country. This progress has been possible only with the cooperation of capital and labour. In the present situation, the importance of capital is being increased, and labour is being pushed to the lower level. This situation can lead the nation towards a contrary situation instead of development. The need of the hour is that we all labourers, forgetting all discrimination, unite to protect our rights, our good salaries, legitimate promotions, proper working conditions at the workplace, etc., and united struggle is the only way. If the government and the management continue to ignore us, then we will be forced to choose the path of struggle. We have to unite and fight for our future. NFTE-BSNL has been working as a vanguard for the labourers since its inception, and even today, we are always at the forefront in the interest of the employees. So let us all forget our mutual differences and move forward for the struggle. We will fight unitedly and we will definitely achieve success.

**NFTE Zindabad - Employee Unity Zindabad**

संपादकीय

# बीएसएनल में श्रमिकों की घोर अपेक्षा

अंतराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर यह मान्यता सभी सरकारों का मान्य हो चुकी थी कि खुशहाल श्रमिक हो, उत्तम उत्पादकता के साथ आशातित उत्पादन कर सकते हैं। यह मान्यता दूरसंचार विभाग को निगम में परिवर्तित हो जाने के समय तक प्राथमिकता में रही। भारत संचार निगम बनने के बाद धीरे–धीरे यह मान्यता शिथिल होती गई और वर्तमान स्थिति में इस मान्यता को पूर्ण रूप से दरकिनार कर दिया गया है, फलस्वरूप बीएसएनएल में कार्यरत नॉन–एक्जीक्यूटिव कर्मचारियों के समक्ष किंकर्तव्यविमूढ़ की स्थिति पैदा हो गई है। श्रमिकों से संबंधित सभी कल्याणकारी योजनाओं को लग. भग बारह वर्ष पूर्व से ही समाप्त कर दिया गया है। उच्च स्तर पर आसीन प्रमंडलीय प्रमुख एवं उनके टीम तथा निगमित बोर्ड के स्तर पर आसिन निदेशक मंडल सहित सभी उच्चाधिकारी श्रमिकों के सरजमीन पर होने वाली दुर्दशा से अपने को काफी दूर रखे हुए है। स्थिति बद से बद्तर हो चली है। एक ओर नन–एक्जीक्यूटिव कर्मचारियों का लगभग 70% हिस्सा पिछले दस–बारह वर्षों से वार्षिक वेतन बढ़ोत्तरी से वंचित है, वही दूसरी ओर कार्यस्थल पर मूलभूत सुविधाएं समाप्त हो चुकी है, न शुद्ध पेयजल की व्यवस्था और न ही उचित शौचालय ही नजर आते हैं।

31 जनवरी 2020 को भारी तादात में कर्मचारियों को वी0आर0एस0 पर जाने के लिए मजबूर किया गया और उनके बाद संवर्गों के पूर्णगठन के नाम पर पदों में बेतहाशा कटौती कर दी गई। फलस्वरूप निम्न स्तरीय सभी कर्मचारी काम के बोझ से दबे हुए हैं। ज्ञातव्य है कि इन कर्मचारियों का वेतन पुर्ननिरक्षण 01 जनवरी 2017 से लंबित है। जबकि कर्मचारियों द्वारा लगातार सरकार एवं बीएसएनएल प्रबंधन का ध्यान आकृष्ट किया जाता है। कुंठित कर्मचारी अपने परिवार का समुचित पालन–पोषण, बच्चों को उचित शिक्षा एवं समाजिक सरोकारों से वंचित हो गये हैं। आश्चर्यजनक स्थिति यह है कि प्रबंधन द्वारा अनुमोदित दैनिक मजदूरों एवं टेम्परोरी स्टेटस मजदूरों के वेतन बढ़ोतरी भी 01/10/2010 से लंबित है। कर्मचारी संगठन उन बिलखते मजदूरों के संबंध में जब आवाज उठाते है तथा प्रबन्धन से आग्रह करते हैं कि कम से कम इन अल्प मजदूरी पाने वाले मजदूरों की दुर्दशा की ओर ध्यान देने हुए केन्द्र सरकार के 7वें वेतन आयोग के सिफारिशों के आधार पर इनके मजदूरी का पूर्णनिरीक्षण किया जाए तथा इनकी दैनिक मजदूरी बढ़ाये जाए। परन्तु प्रबंध ान इस मुद्दे पर भी गैर जबावदेह की तरह रवैया अपनाती है।

कर्मचारी संगठन जो सरकार द्वारा पंजीकृत है तथा सदस्यता जांच के उपरांत जिन संगठनों को मान्यता देते हुए कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान हेतु पहल करने के लिए अधिकृत किया गया है, उनके अधिकारों को भी लगभग शिथिल करते हुए उनके आवाज को दबाई जा रही है। एक साधारण प्रर्दशन करने अथवा धरना देने के मामले में भी कठोर कारवाई करने की धमकी दी जाती है। कर्मचारियों को अपने हक के लिए न्यायालय का शरण लेना पड़ रहा है। पूरे राष्ट्रीय पैमाने पर बीएसएनएल प्रबंधन कतिपय कर्मचारियों के वाजिब हक को नहीं दे रही है तथा हजारों कर्मचारियों के साथ न्यायालय में मुकदमा लड़ रही है। कर्मचारियों को मुकदमों में प्रायः प्रबन्धन को पराजित होकर उनके देयकों की पूर्ति कर रही है। परन्तु कर्मचारियों के वाजिब हक को संगठन के साथ वार्ता कर समाधान करेन की परम्परा को भूल चुकी है।

कर्मचारियों को अभी गत वित्तिय वर्ष के तीसरी तिमाही में 262 करोड़ रूपये के शुद्ध लाभ होने का समाचार सुनकर अति प्रसन्न होने लगे थे तथा उन्हें आशा की करिण दिखाई देने लगी है। अभी वित्तीय वर्ष समाप्ति के दौर में लगभग सभी परिमंडलों में राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति तथा उससे भी अधिक कमाई कर लेने के उपलक्ष्य में केक काटकर खुशियां मनाई जा रही है। उस खुशी के महौल से सरजमीन पर काम करने वाले मजदूरों, कर्मचारियों को बहुत दूर रखा जाता है। वे कर्मचारी वाट्सहपग्रुप के द्वारा ही इन खुशियों का समाचार जान पाते हैं।

कर्मचारी यह चर्चा कर रहे हैं कि जब कम्पनी में मुनाफे की दौर शुरू हो गई है तो फिर हमारे वेतन पुर्ननिरक्षण का मामला जो विगत सात वर्षों से लंबित है, उसपर पहल क्यों नहीं की जा रही है। बीएसएनएल कर्मचारी 01 जनवरी 2007 को निर्धारित किये गये वेतनमान पर कार्य करने को मजबूर किये जा रहे हैं। बीएसएनएल प्रबन्धन ने मजदूरों को भ्रम में रखने के लिए वेतन पुर्नरीक्षण समिति का गठन सन् 2019 मे गठित की है परन्तु छः साल पूरा हो जाने के बाद भी उस

समिति में सहमति नहीं बन पाई है। लगातार समिति के अध्यक्ष को बदलना प्रबन्धन पक्ष के सदस्यों की उपलब्धता नहीं हाने के नाम पर वेतन पुर्नरीक्षण की बैठके विलबिंत की जाती है। इस परिपेक्ष्य में कर्मचारियों के सामने ''मरता क्या नहीं करता'' की स्थिति पैदा हो रही है। सरकार एवं प्रबन्धन को इस विषय को गंभीरता से लेनी चाहिए और कर्मचारियों के वाजिव हकों को देने में और अति विलंब करना कम्पनी का हित नहीं हो सकता। यह सर्वविदित है कि दुखदर्द को झेलत` हुए कर्मचारियों ने कम्पनी को जो मुनाफे की ओर अग्रसर कराई है उनकी और अवहेलना होने पर कर्मचारी सड़कों पर उतरने के लिए बाध्य हो सकता है।

बात केवल वेतन पुर्नरीक्षण तक सीमित नहीं है, पदोन्नति के मामले में भी बीएसएनएल के कर्मचारियों के सामने अंधकार ही अंधकार है। पदों को बेतहाशा समाप्त कर देने के कारण बीएसएनएल लगभग आधे से अधिक परिमंडलों में किसी भी संवर्ग के लिए परिक्षाएं आयोजित नहीं की जा रही है। कोई भी व्यक्ति जिन्हें समाज एवं श्रमिक विषय में ज्ञान है वह समझ सकता है कि बीएसएनएल में श्रमिकों की क्या स्थिति है।

बीएसएनएल के अस्तित्व में आने के बाद बदलते हुए तकनीकी महौल के अनुरूप सेवा देने के लिए बीएसएनएल उच्च तकनीकी शिक्षा प्राप्त य ुवाओं को भर्ती करने की योजना बनाई जिसके तहत हजारों मेधावी युवा उम्मीदवारों ने प्रतिस्पर्धा परीक्षा के माध्यम से उत्तीर्ण होकर बीएसएनएल के अंतर्गत नौकरी प्राप्त की। उन युवा कर्मचारियों के अन्य साथी जो अन्यंत्र जो दूसरे महकमें में नौकरी प्राप्त किये वे बीएसएनएल में कार्यरत अपने समकक्ष साथियों से पद एवं वेतनमान में काफी ऊपर पहुँच चुके हैं परन्तु बीएसएनएल में कार्यरत युवा कर्मचारी जो इंजीनियरिंग करने के बाद भर्ती हुए थे, दुर्दशा की स्थिति में कार्य कर रहे हैं। इन्हें जूनियर इंजीनियर के पद पर नियुक्त किया गया था और दस–बारह वर्ष सेवा करने के बाद भी इसी पद पर बने हुए हैं। जबकि देश के अन्य महकमें कार्यरत उनके साथी दो–दो पदोन्नति पा च ुके है तथा जो पदोन्नति नहीं पा सके हैं उनके वेतनमान बीएसएनएल में कार्यरत जूनियर इंजीनियर पद धारकों से बहुत ज्यादा है। बीएसएनएल के ऐसे युवा एवं मेधावी कर्मचारी बीएसएनएल छोड़ने के लिए मजबूर हो रहे हैं और बहुत से ऐसे लोग बीएसएनएल छोड़ चुके हैं।

इतिहास साक्षी है कि पूरे विश्व के पैमाने पर मजदूरों ने संगठित होकर अपने भविष्य को गढ़ा है। अपने देश में भी स्वतंत्रता प्राप्ति पूर्व से ही मजदूरों ने मजबूत संगठन के माध्यम से अपनी दिशा और दिशा को परिवर्तित किया है, साथ ही स्वतंत्रता आंदोलन में भी अहम भूमिका निभाई है। भारत विकासशील देश से विकसित देश की श्रेणी में अग्रसर हो रहा है।

यह उन्नति पूंजी एवं श्रम के सहयोग से ही संभव हुआ है। वर्तमान स्थिति में पूंजी की महत्ता को बढ़ाई जा रही है और श्रम को निचले पायदान पर ढ़कलने की कोशिश की जा रही है। यह स्थिति राष्टं को विकास की ओर नहीं ले जाकर विपरीत स्थिति पैदा कर सकती है। जरूरत है हम सभी श्रमिकों को एकजूट होकर और सारा भेदभाव भूलकर अपने हक हकूब की रक्षा, अपने अच्छे वेतन, वाजिव पदोन्नति, कार्यस्थल पर उचित कार्य व्यवस्था आदि के लिए एकजूट संघर्ष ही एक रास्ता है। अगर समय रहते सरकार एवं प्रबन्धन हमें और अधिक नजरअंदाज करती है तो हमें अपना संघर्ष का रास्ता चुनने के लिए बाध्य करती है। हमें एकजूट होकर अपने भविष्य के लिए संघर्ष करना होगा। एनएफटीई–बीएसएनएल अपने स्थापना काल से ही मजदूरों के लिए हिरावल दस्ता के रूप में कार्य किया है और आज भी हम कर्मचारी हित में सदैव अगली कतार में नजर आते हैं।

तो आइये हम सभी आपस के भेदभाव भूलकर संघर्ष के लिए आगे बढ़ें। हम एकजूट संघर्ष करेंगे और हमें सफलता अवश्य मिलेगी।

एनएफटीई जिन्दाबाद – कर्मचारी एकता जिन्दाबाद